भविष्य अधर में 16 हजार बच्चों का भविष्य अधर में, बाबुओं के भरोसे चल रहा शिक्षा विभाग

पवई के 335 शालाओं को नहीं मिल रहे शिक्षक



नवभारत, मवई। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे मंडला जिले के आदिवासी बाहुल्य वनांचल क्षेत्र मवई में शासकीय शिक्षा व्यवस्था की अत्यंत चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित इस दुर्गम क्षेत्र में 16 हजार से अधिक विद्यार्थियों का भविष्य शिक्षकों की भारी कमी और प्रशासनिक अनदेखी के कारण अधर में लटका हुआ है।

मवई विकासखंड में कुल 335 शासकीय शालाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें 255 प्राथमिक, 59 माध्यमिक, 14 हाई स्कूल और 7 हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। इन विद्यालयों में दर्ज 16,017 विद्यार्थी जिसमें 7,724 बालक और 8,293 बालिकाओं के पठन-पाठन की ज़िम्मेदारी शिक्षा विभाग पर है। हालांकि, जमीनी हकीकत यह है कि इतने बड़े विकासखंड की निगरानी के लिए कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस क्षेत्र में वर्तमान में कोई पूर्णकालिक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नियुक्त नहीं है। पूरा विभाग अतिरिक्त प्रभार के भरोसे चलाया जा रहा है। जिला मुख्यालय से 100 किमी की दूरी के कारण प्रभारी अधिकारी महीने में एकाध बार ही मवई कार्यालय पहुँच पाते हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि पूर्णकालिक अधिकारी न होने से ब्लॉक शिक्षा कार्यालय का काम बाबुओं के भरोसे चल रहा है। केवल कागजों में आंकड़े और रिपोर्ट बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी जाती हैं, जबकि स्कूलों का जमीनी निरीक्षण पूरी तरह बंद है।

50 स्कूल बिना शिक्षक 121 में महज एक शिक्षक

शिक्षकों की उपलब्धता के मामले में आद्ध कड़े बेहद भयावह हैं। विकासखंड मवई की 34 प्राथमिक और 16 माध्यमिक यानी कुल 50 शालाएं शून्य शिक्षकीय हैं, जहाँ एक भी नियमित शिक्षक नहीं है। 100 प्राथमिक और 21 माध्यमिक यानी कुल 121 शालाएं एकल शिक्षकीय व्यवस्था में चल रही हैं। उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्यापन के लिए 16 व्याख्याताओं के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं।

जिम्मेदारों पर की जाए कार्रवाई

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रतिनिधियों का ध्यान गांव की मूलभूत समस्याओं को सुलझाने से ज्यादा अन्य चीजों पर है। अब स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वह तत्काल औघटखपरी की इस बदहाल सड़क को संज्ञान में लेकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों की अपील है कि जल्द से जल्द सड़क को सुरक्षित बनाया जाए और विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों से जवाब तलब किया जाए।

महिला पर पड़ोसी ने किया हथियार से वार

नवभारत, मंडला। बम्हनी बंजर थाना क्षेत्र के ग्राम ग्वारा में उमा रजक पर एक पड़ोसी परिवार के लोगों के द्वारा धारदार हथियार से किए गए जानलेवा हमले की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। 112 की मदद से घायल महिला को बम्हनी अस्पताल लाया गया। जहां से उसे जिला चिकित्सालय में रेफर कर दिया गया था, उपचार के दौरान घायल महिला के सिर पर छह टांके लगाए जाने की बात बताई गई है। घटना 13 सितंबर के दोपहर 1 बजे की बताई जा रही है, उस समय पीड़िता का पति घर पर नहीं था, खबर लगते ही जब वह घर आया तो आरोपियों के द्वारा उसके साथ भी मारपीट करने की बात बताई जा रही है। अब घटना के 6 दिन बाद पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत करने पहुंचा। इस दौरान आवेदन पत्र पर आरोप लगाया गया कि आरोपी गण अवैध शराब का विक्रय करते हैं, और घटना के बाद भी गाली गलौज कर धमकी दे रहे है, लेकिन संबंधित थाने की पुलिस ने अभी तक पीड़िता का बयान भी नहीं लिया है बल्कि एक पुलिसकर्मी द्वारा कहा जा रहा है कि नाबालिक आरोपी की एफआईआर मत करना।

छात्रावास में रोटरी क्लब ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



नवभारत, मंडला। रोटरी क्लब मंडला मेकल द्वारा सेवा भारती कन्या छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। छात्रावास में लगभग 65 छात्राएं निवासरत हैं, जिनका विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श किया गया।

शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. श्रुति बाजपेयी, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अर्चना द्विवेदी, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका धावर्डे, जनरल फिजिशियन डॉ. हेमा पाटिल एवं ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. चैतन्य धावर्डे ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। चिकित्सकों ने बालिकाओं की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कर आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए।

स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कुछ बालिकाओं को चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार पैथोलॉजी एवं ब्लड टेस्ट कराने की सलाह भी दी गई। इन जांचों को रोटरी क्लब मंडला मेकल के माध्यम से करवाया जाएगा, ताकि किसी भी बालिका की आवश्यक स्वास्थ्य जांच आर्थिक कारणों से प्रभावित न हो।

जरूरतमंद वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना महत्वपूर्ण

इस अवसर पर रोटरी क्लब मंडला मेकल के अध्यक्ष रोटेरियन दिलीप तिवारी एवं सचिव रोटेरियन अभिषेक बाजपेयी ने कहा कि समाज के जरूरतमंद वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना रोटरी क्लब की सेवा भावना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे शिविरों के माध्यम से समय पर स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर उचित उपचार की दिशा में कदम उठाया जा सकता है। इस अवसर पर रोटरी क्लब मंडला मेकल के सदस्यगण रोटेरियन डॉ. विजेंद्र चौरसिया, रोटेरियन इंद्रेश खरया, रोटेरियन गीता कल्पीवार, रोटेरियन राजा शुक्ला, रोटेरियन सुदीप चौरसिया एवं रोटेरियन सुरेश चौधरी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी सदस्यों ने शिविर के संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी को लगाया था करंट, हुई मौत

पुलिस ने तीन लोगों को दबोचा, हत्यारे गए जेल



नवभारत, नैनपुर। पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में थाना नैनपुर एवं चौकी पिंडरई पुलिस द्वारा मर्ग जांच के उपरांत प्रेमी जोड़े पर जानलेवा हमला कर युवक को विद्युत करंट लगाने एवं उपचार के दौरान उसकी मृत्यु होने के गंभीर मामले का त्वरित खुलासा किया गया है।

9 सितम्बर को थाना नैनपुर में पूर्व दर्ज मर्ग की जांच के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता बिन्दो बाई कुलस्ते निवासी ग्राम खिरसारू, चौकी पिण्डरई, थाना नैनपुर, जिला मंडला के कथनों एवं उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सामने आया कि पीड़िता एवं उसके साथी अभिषेक धुर्वे एक दूसरे से बातचीत कर रहे थे। जिस पर आरोपियों चमरालाल मरावी, लालसिंह उर्फ नरबद मरावी, सुशील कुमार उर्फ शुक्लू मरावी ने मोहल्ले की लड़की से बातचीत करने पर आपत्ति जताते हुए दोनों को बर्बरता पूर्वक मारपीट किया। दोनों को जान से मारने की नीयत से बिजली के तार से बांधकर करंट लगाया गया एवं दोनों को मरा हुआ समझकर घटना स्थल से अन्य जगह खेत में फेक दिया ।

आरोपियों ने स्वीकारा अपराध- उक्त घटना में गंभीर रूप से घायल अभिषेक को उपचार हेतु नागपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए नैनपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ की गई तो पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया।

खिलाड़ियों ने जीते 25 पदक, 6 का राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ चयन

राज्यस्तरीय वूशु प्रतियोगिता में मंडला का दबदबा



नवभारत, मंडला। भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित 25वीं मध्यप्रदेश राज्य वूशु चैंपियनशिप में मंडला जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। विगत दिवस आयोजित इस सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर प्रतियोगिता में मंडला के खिलाड़ियों ने कुल 25 पदकों पर कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मध्य प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग और खेल निदेशक चंचल शेखर की उपस्थिति में हुआ। मंडला जिले का यह दल टीम कोच सुमित रजक के कुशल नेतृत्व में प्रतियोगिता में शामिल होने भोपाल पहुंचा था। प्रतियोगिता के सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्गों (ताउलू एवं सांडा स्पर्धा) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मंडला के खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल किए। बताया गया कि विशेष उपलब्धि यह रही कि 6 स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय वूशु प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहां वे मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। बताया गया कि पदक विजेताओं ने स्वर्ण पदक 6 खिलाड़ी समर्थ विश्वकर्मा, हर्ष बनवाला, यशिका डागोर, अनाया छत्री, शिवी श्रीवास्तव और इब्तिदा नाज ने हासिल किया। रजत पदक 8 खिलाड़ी प्रखर बर्मन, आर्या शुक्ला, लवलीन कुकरेजा, रितिका बनवाला, हेतल तलरेजा, आशुतोष जसवाल, शिवी श्रीवास्तव और अनाया छत्री ने हासिल किया।

एक नजर में

23 को मनाया जाएगा 11वां आयुर्वेद दिवस

नवभारत, मंडला। कार्यालय जिला आयुष्य अधिकारी, मण्डला द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस वर्ष 11वां आयुर्वेद दिवस आगामी 23 सितम्बर को उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और संचालनालय आयुष म.प्र., भोपाल के निर्देशानुसार इस राष्ट्रीय पर्व की तैयारी की जा रही है। आयुर्वेद दिवस 2026 की मुख्य थीम स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत बेहतर स्वास्थ्य परिणामों के लिए एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल, सामुदायिक कल्याण एवं सतत जीवन शैली के लिए आयुर्वेद, क्विज, निबंध, वाद-विवाद, पोस्टर, पेंटिंग, फोटोग्राफी एवं लघु वीडियो प्रतियोगिताएं, आयुर्वेद खाद्य महोत्सव एवं मोटे अनाज आधारित पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन, जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एकीकृत स्वास्थ्य एवं वेलनेस शिविर, माहिष्मती घाट पर होगा। मुख्य स्वास्थ्य शिविर, जिला स्तर, विकासखंड व ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पंचायत, वन, उद्यानिकी, कृषि, जनजातीय कार्य, पर्यटन तथा जनसंपर्क विभागों के समन्वय से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

22 से 27 अक्टूबर तक होगी अयोध्या-काशी यात्रा

नवभारत, मंडला। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत मण्डला जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थ यात्रा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत मण्डला जिले के 196 यात्रियों को अयोध्या और काशी की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। जिले के लिए अयोध्या-काशी तीर्थ यात्रा 22 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जाएगी। 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति (महिलाओं के मामले में आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट) जो आयकरदाता नहीं हैं, वे इस यात्रा के लिए पात्र हैं। इच्छुक 196 व्यक्तियों को 23 सितंबर तक अपने आवेदन जिले के सभी तहसीलदारों के पास जमा करने होंगे। यात्रा के सफल क्रियान्वयन और समन्वय के लिए संयुक्त कलेक्टर सोनल सिडाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत, नदी में मछली पकड़ने के दौरान हादसा



नवभारत, घुघरी। घुघरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम गरैया में रविवार को बुढ़नेर नदी में एक युवक मछली पकड़ने गया हुआ था। इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई और आसमान में बिजली चमकने लगी। इसी दौरान 33 वर्षीय युवक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी अनुसार ग्राम गरैया निवासी मनोहर सेन्द्राम पिता सहजू सिंह उम्र 33 वर्ष रविवार को गांव के पास बहने वाली बुढ़नेर नदी में मछली पकडने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान क्षेत्र में अचानक मौसम बदला और गरज-चमक के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने का प्रयास करने के दौरान ही अचानक कड़कड़ाती आकाशीय बिजली सीधी मनोहर पर आ गिरी, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

युवक की मौत से गांव में पसरा मातम

ग्रामीण देव सिंह कुंजाम ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मनोहर नदी में मछली पकड़ने गया था, इसी दौरान यह हादसा हो गया। घटना की खबर मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस की सहायता से शव को नदी क्षेत्र से बाहर निकाला गया और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल - अचानक घटे इस हादसे से मृतक मनोहर के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



ग्रामीण मार्गों पर फैली बबूल की घनी झाड़ियां

नवभारत, नैनपुर। नैनपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पिंडरई सहित आसपास ग्रामीण मार्गों पर इन दिनों हादसों का खतरा काफी बढ़ गया है। इन मार्गों पर सड़क के दोनों किनारों पर बबूल और अन्य ऊंची झाड़ियां बहुतायत में उग आई हैं। जिसके कारण मार्ग वाहन चालकों के लिए अंधा मोड़ साबित हो रहे हैं। संबंधित विभाग द्वारा समय पर इनकी कटाई-छटाई न किए जाने के कारण राहगीर लगातार दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि निवारी से पिंडरई निवारी एवं डिठौरी से मार्ग के मोड़ों पर बबूल की घनी और ऊंची झाड़ियां फैली हुई हैं। इन मार्गों के बीच कई हिस्से अत्यधिक घुमावदार हैं। और दोनों किनारों पर झाड़ियां होने के कारण विपरीत दिशा से आने वाले छोटे सड़क के दोनों तरफ झाड़ियां उगने से हादसों का खतरा बड़े वाहन दिखाई नहीं देते। अचानक वाहन सामने आने से चालक हक्के-बक्के रह जाते हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। पिछले दिनों ही एक यात्री भी इन झाड़ियों की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो चुका है। वाहन चालकों और ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से तत्काल मांग की है कि सड़क के दोनों किनारों पर उगी ऊंची ऊंची झाड़ियों की शीघ्र कटाई करवाई जाए।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक भोपाल में आयोजित

नवभारत, मंडला। म. प्र. तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश की प्रांतीय बैठक, कर्मचारी भवन, गीतांजलि चौराहा भोपाल में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न मुद्दों पर अपनी मांगें शासन के समक्ष रखने पर चर्चा की गई। बैठक में मंडला की टीम द्वारा बताया गया कि जिले में शिक्षकों की अभी तक पदोन्नति सूची जारी नहीं की गई है एवं मतांकन की समस्या पर भी चर्चा की गई। उक्त समस्याओं के समाधान हेतु आयुक्त जनजाति कार्य विभाग भोपाल से प्रांतीय अध्यक्ष अतुल मिश्रा के नेतृत्व में मुलाकात कर समस्या के निदान हेतु निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में मंडला जिले से जिला अध्यक्ष सतीश मिश्रा, जिला सचिव रविशंकर साहू एवं संभागीय उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला उपस्थिति रही।

पनिका समाज ने मनाया शहीद मोहन व दयाल का बलिदान दिवस



नवभारत, नारायणगंज। ग्राम पदमी में शनिवार को पनिका समाज द्वारा अमर शहीद मोहन पनिका एवं दयाल पनिका का बलिदान दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने देश की आजादी में पनिका समाज के योगदान को याद करते हुए दोनों शहीदों के बलिदान को नमन किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनों ने शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि अमर शहीद मोहन पनिका और दयाल पनिका ने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध संघर्ष करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए थे, जिनका त्याग और बलिदान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में नई पीढ़ी को शहीदों के इतिहास और देशभक्ति की भावना से परिचित कराने पर जोर दिया गया। अंत में उपस्थित लोगों ने अमर शहीद अमर रहें के नारे लगाए।

पुरानी रंजिश का बदला लेने की गई थी नाव चालक रज्जू की हत्या

दो आरोपी गिरफ्तार, सो रहे युवक पर रॉड से किया था हमला

नवभारत, मंडला। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन और एसडीओपी पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना महाराजपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने संगमघाट निवासी नाव चालक रज्जू नंदा की नृशंस हत्या के मामले का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार 19 सितंबर को महाराजपुर पुलिस को सूचना मिली कि संगमघाट निवासी नाव चालक रज्जू नंदा पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्राणघातक हमला किया गया है, जिसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल मंडला ले जाया गया है। पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने गंभीर चोटों के कारण रज्जू नंदा को मृत घोषित कर दिया। मृतक के सिर, कान और नाक पर किसी ठोस वस्तु से ताबड़तोड़ प्रहार किए जाने के निशान पाए गए थे। मामले में प्रार्थी अंकित नंदा निवासी बूढ़ीमाई की रिपोर्ट पर थाना महाराजपुर में संदेही नंदा नंदा और राजेश बैरागी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

मौका देखकर किया वार

घटना की गंभीरता को देखते हुए महाराजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. जयसिंह यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने पुरानी रंजिश और पूर्व में हुए विवाद के चलते हत्या करने की बात कबूल की। आरोपियों ने बताया कि 18 सितंबर की रात उन्होंने संगमघाट के पास निर्माणाधीन नए पुल के नीचे पड़ी लोहे की रॉड उठाई और रज्जू नंदा की झोपड़ी में घुस गए। वहां सो रहे रज्जू के सिर, मुंह और कान पर लोहे की रॉड से घातक वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई।

हत्या के आरोपी हुए गिरफ्तार

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड और घटना के समय पहने गए कपड़े विधिवत जब्त कर लिए हैं। गिरफ्तार आरोपी में नंदा नंदा पिता खुज्जु नंदा, 35 वर्ष और राजेश बैरागी पिता राममिलन बैरागी, 26 वर्ष दोनों निवासी बूढ़ीमाई वार्ड, संगमघाट, महाराजपुर मंडला को गिरफ्तार किया गया।

प्रतियोगिता जर्मनी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की राह हुई आसान

श्रेष्ठ मिश्रा ने राष्ट्रीय आइस स्केटिंग में जीता रजत पदक



नवभारत, मंडला। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम हिरदेनगर के 16 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी श्रेष्ठ मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर की स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर मंडला जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है। देहरादून के हिमाद्री आइस रिंक महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज कॉम्प्लेक्स में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स भारत की राष्ट्रीय फिगर एवं स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में श्रेष्ठ ने यह शानदार उपलब्धि हासिल की।

लगभग 5 डिग्री सेल्सियस के कड़ाके के तापमान और बर्फ के कठिन ट्रैक पर आयोजित अंडर-16 आयु वर्ग की इस प्रतिस्पर्धा में श्रेष्ठ मिश्रा ने अपनी गति, संतुलन और बेहतरीन तकनीक का परिचय देते हुए पूरे भारत में दूसरा स्थान प्राप्त किया। श्रेष्ठ हिरदेनगर के प्रतिष्ठित प्रकाश मिश्रा के पौत्र और अनिल मिश्रा के सुपुत्र हैं।

तीन वर्षों के कठिन परिश्रम का परिणाम

श्रेष्ठ मिश्रा पिछले तीन-चार वर्षों से लगातार आइस स्केटिंग का गहन प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने भंवरताल स्केटिंग कोर्ट एवं स्मॉल वंडर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्देवबाग में कोच रामकिशोर सोनी के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। शुरुआत में बर्फ के ट्रैक पर नियंत्रण पाना और संतुलन बनाना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन नियमित अभ्यास से उन्होंने अपनी कमियों को दूर कर यह सफलता पाई।

जर्मनी में होने वाली अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप की उम्मीद

राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल करने के बाद अब श्रेष्ठ के आगामी जर्मनी में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने की प्रबल संभावना बन गई है। स्पेशल ओलंपिक्स भारत मध्यप्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. दीपांकर बैनर्जी ने श्रेष्ठ के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और अंतरराष्ट्रीय सफर के लिए शुभकामनाएं दी हैं। श्रेष्ठ की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, कोच रामकिशोर सोनी सहित पूरे मिश्रा परिवार और मंडला के खेल प्रेमियों में हर्ष की लहर है। श्रेष्ठ ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कोच के मार्गदर्शन, परिवार के निरंतर सहयोग और कड़ी मेहनत को दिया है। उनका अंतिम लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश और मध्य प्रदेश का नाम रोशन करना है।